**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**राजभवन देहरादून 11 अप्रैल, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक श्री कोको रोसे ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने हाल ही में राजाजी टाइगर रिजर्व के भ्रमण से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए इसे एक अत्यंत समृद्ध, जैव विविधता से भरपूर और दर्शनीय स्थल बताया।

इस दौरान राज्यपाल ने निदेशक से टाइगर रिजर्व में चल रही वन्यजीव संरक्षण परियोजनाओं, ईको–टूरिज्म को प्रोत्साहित करने की पहलों, तथा पर्यावरणीय जागरूकता अभियानों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने टाइगर रिजर्व के बुनियादी ढांचे, गश्त व्यवस्था, मॉनिटरिंग सिस्टम तथा स्थानीय समुदायों की सहभागिता जैसे विषयों पर भी चर्चा की।

राज्यपाल ने कहा कि राजाजी टाइगर रिजर्व जैसे स्थलों का अधिकतम प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए ताकि देश–विदेश से अधिक संख्या में पर्यटक यहाँ आएं, जिससे न केवल राज्य का पर्यटन बढ़ेगा बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

..........0..........